EDI

Rajasthan Patrika

June 10, 2011
Page No. 2

उद्यमिता विकास

अगले माह तक देशों का चयन, बेहतर संबंध बनाने की कवायद

ईडीआई पांच अफ्रीकी देशों में खोलेगा केन्द्र

का.सं. @ अहमदाबाद

उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआई), अहमदाबाद अफ्रीका के पांच देशों में अफ्रीका-भारत उद्यमिता विकास केन्द्र (एआईईडीसी) स्थापित करेगा। ईडीआई निदेशक दिनेश अवस्थी के अनुसार हाल में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अफ्रीका दौरे के वक्त अफ्रीका-भारत मंच शिखर सम्मेलन के दौरान की गई घोषणाओं के तहत ईडीआई को चयनित पांच अफ्रीकी देशों में एआईईडीसी स्थापित करने का जिम्मा सौंपा गया है।

इन देशों का चयन एसोसिएशन ऑफ अफ्रीकन कंट्रीज के साथ विचार-विमर्श कर किया जाएगा। ईडीआई अफ्रीका में उद्यमिता विकास तथा सही तकनीकों के चयन, इन्हें हासिल करने आदि में मदद करेगा। भारत के लिए अफ्रीकी देशों में तकनीकें निर्यात करने का खासा अवसर है। भारत हाथ से चलने वाले कृषि यंत्रों का बड़े पैमाने पर निर्यात कर सकता है क्योंकि अफ्रीका के ज्यादातर इलाकों में बिजली नहीं है। अफ्रीका ने अब जिस गति से बढ़ना शुरू किया है उसे ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक व मानव संसाधन से समृद्ध इस महाद्वीप में खासी सम्भावनाएं हैं। चीन ने इस दिशा में निवेश शुरू भी कर दिया है तथा मोटी राशि के अनुदान दे रहा है। भारत चीन के साथ पैसे के मामले में भले ही होड़ नहीं कर सके, लेकिन भारत बेहतर अंग्रेजी तथा मानव संसाधन विकास जैसे मामलों में सेवाएं देकर अफ्रीका के साथ बेहतर सम्बन्ध बना सकता है। जिन देशों में ईडीसी स्थापित किए जाने हैं, उनका चयन जुलाई तक हो जाने की सम्भावना है।

ईडीआई विदेश में ऐसे केन्द्र स्थापित करने का समृद्ध अनुभव रखता है तथा इससे पहले कम्बोडिया, लाओस, म्यांमार व वियतनाम में चार केन्द्र स्थापित कर चुका है। यूनाइटेड नेशन्स इकोनोमिक एण्ड सोशियल कमीशन फोर एशिया एण्ड पैसेफिक, बैंकाक ईडीआई को सेन्टर ऑफ एक्सलैंस करार दे चुका है। ईडीआई की भारत में राज्य स्तरीय 14 ईडी संस्थान, जेद्दाह में सऊदी एन्टरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट व बहरीन में अरब रीजनल सेन्टर फोर एन्टरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट खोलने में अहम भूमिका है।